# अध्याय 2 जनक का गाँव


**अधिगम बिन्दु**

- संख्याओं में छोटे–बड़े की समझ एवं चिह्न का प्रयोग।
- टॉप व्यू/साईड व्यू।
- बाँई ओर व दाँई ओर का परिचय।
- नज़री नक्शे का परिचय।

**2.1** पिछले अध्याय में हमने संख्याओं के बारे में पढ़ा। बताइए 542 व 544 में कौनसी संख्या बड़ी है और कौनसी छोटी ? जो संख्या बड़ी हो उस तरफ >, छोटी संख्या की तरफ < और बराबर संख्या के बीच में = के चिह्नों को प्रयोग में लाया जाता है। 544 > 542

542 < 544

चित्र में जनक के गाँव का दृश्य है




जनक का गाँव

जनक के घर से विभिन्न स्थानों की दूरियाँ इस प्रकार है :–

| स्थान | दूरी |
|---|---|
| पंचायत भवन | 400 कदम |
| अटल सेवा केन्द्र | 440 कदम |
| रा. मा. वि. बुद्धनगर | 540 कदम |
| रूबीना का घर | 700 कदम |
| आँगनवाड़ी | 530 कदम |
| अस्पताल | 545 कदम |
| छोटू किराणा स्टोर | 650 कदम |
| प्रेम का घर | 110 कदम |

दूरियाँ भरिए तथा **<, >,** = चिह्नों को लगाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अस्पताल की दूरी | 545 | ..........<.......... | रूबीना का घर | 700 |
| छोटू किराणा स्टोर | | ............................ | पंचायत भवन | |
| आँगनवाड़ी | | ............................ | प्रेम का घर | |
| रा.मा.वि. बुद्धनगर | | ............................ | छोटू किराणा स्टोर | |
| अटल सेवा केन्द्र | | ............................ | आँगनवाड़ी | |



## प्रश्नावली 2

1. कक्षा IV की पाठ्यपुस्तको के पृष्ठों की संख्या लिखिए तथा उपयुक्त चिह्न (<, >, =) लगाइए।



| | | |
|---|---|---|
| गणित ☐ | .............................. | हिंदी ☐ |
| अंग्रेजी ☐ | .............................. | गणित ☐ |
| पर्यावरण ☐ | .............................. | हिंदी ☐ |
| हिंदी ☐ | .............................. | अंग्रेजी ☐ |
| गणित ☐ | .............................. | पर्यावरण ☐ |
| अंग्रेजी ☐ | .............................. | हिंदी ☐ |
| पर्यावरण ☐ | .............................. | गणित ☐ |

2. उपयुक्त चिह्नों (<,> तथा =) को रिक्त स्थान में भरिए।

(i) 400 ....................398 .....................389

(ii) 749 ....................794 .....................497

(iii) 687....................786 .....................867

(iv) 999 ....................989 .....................1000


(v) 545 ....................455 .....................455

3. उचित चिह्नों ( >,= तथा >) को घेरे ◯ में लगाइए।


| | | |
|---|---|---|
| (i) तीन सौ सैंतालीस | ◯ | सात सौ तिंयालीस |
| (ii) पाँच सौ नौ | ◯ | नौ सौ पाँच |
| (iii) 789 | ◯ | सात सौ उनासी |
| (iv) 848 | ◯ | आठ सौ अडतालीस |
| (v) नौ सौ बावन | ◯ | 957 |
| (vi) छः सौ पाँच | ◯ | पाँच सौ छः |

## 2.2 ऐसा भी दिखता है

जनक अपने मकान के पिछले रास्ते से आ रहा था उसको अपना मकान कुछ ऐसे दिखा।




अब वह मकान के चारो ओर घूमकर मकान को देखता है तो उसको मकान इस तरह नज़र आया।











यह मकान का टॉप व्यूह कहलाता है।





**देखो और बताओ :–**

1. जनक के घर के दाँईं ओर कौन–कौन से स्थान हैं ?
2. जनक के घर के बाँईं ओर कौन–कौन से स्थान हैं ?
3. किताब, रबर रखकर उनके टॉप व्यूह बनाइए ?
4. टेबल, माचिस का साइड़ व्यूह बनाइए ?
5. अपने घर का साइड़ व्यूह बनाइए ?

**2.3**




अध्यापक जी इसी नक्शे पर सवाल बनाकर बच्चों से पूछ सकते हैं एवं बच्चों से अपने–अपने घर, विद्यालय आदि का नज़री नक्शा बनवा सकते है।